




नवभारत
भोपाल, बुधवार 03 सितम्बर, 2025


### एक नजर में



**नंद उत्सव में झूमे श्रोता**

**ब्यावरा 02 सितम्बर, का.** स्थानीय कृषि उपज मंडी में चल रही भागवत कथा में नन्द उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया. पंडित सतीश नागर ने कथा प्रसङ्ग में बताया कि धर्म से जुड़े रहो तो सुख मिलेगा. धर्म की डगर में आनन्द मिलता है. धर्म की रक्षा और अधर्म का नाश करने के लिए भगवान ने धरती पर अवतार लिया.

**आज बंद रहेगी कृषि मंडी**

**ब्यावरा 02 सितंबर, का.** आज डोल ग्यारस के अवसर पर स्थानीय कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी प्रबंधन के अनुसार आज अवकाश के चलते कृषक बंधु अपनी फसल विक्रय के लिए मंडी में नहीं लाये.

**आज नगर भ्रमण पर निकलेंगे ठाकुरजी**

**ब्यावरा 02 सितंबर, का.** डोल ग्यारस के शुभ अवसर पर आज नगर के मंदिरों से भगवान के विमान नगर भ्रमण पर निकलेंगे. चहुंओर शंख-झालर की ध्वनि गूंज उठेगी. दोपहर बाद गाजे-बाजे, ढोल-ढमाके, कीर्तन के साथ मंदिरों से विमान निकलना शुरु होंगे. दर्शनों के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ेगा. रास्ते भर श्रद्धालुओं के द्वारा आरती उतारकर प्रसादी चढ़ाई जाएगी. राजगढ़ रोड, पुराना ए.बी.रोड, गुड़ चौराहा, मैन मार्केट, सुभाष चौक, नपा कार्यालय के सामने, अहिंसा द्वार, इंदौर नाका होते हुए विमान अजनार नदी के तट पर पहुंचेंगे जहां ठाकुरजी के पैर पखारने के बाद आरती, प्रसादी वितरण होगा तत्पश्चात विमान अपने-अपने मंदिरों की और प्रस्थान करेंगे. प्राचीन श्री बीड़ मंदिर, श्री बिहारीजी मंदिर, चर्तुभुजनाथ मंदिर, श्री राललला मंदिर, श्री बालाजी मंदिर, श्री लक्ष्मीकांत मंदिर, श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, काली माता मंदिर, छीपा मंदिर भंवरगंज, सिंह वाहिनी मंदिर सहित मंदिरों से आज विमान निकलेंगे.

**नीरज बने मीडिया प्रभारी**

**राजगढ़/ब्यावरा 02 सितंबर, का.** करणी सेना द्वारा ब्यावरा तहसील के मीडिया प्रभारी के रुप में नीरज सिंह परमार को नियुक्त किया गया है. तहसील अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह लाला बना टोंका जागीर के द्वारा पदाधिकारियों की सहमति उपरांत मीडिया प्रभारी के पद पर यह नियुक्ति की गई है.

**किसान राजस्थान जाएंगे उद्यानिकी सीखने**

**राजगढ़ 02 सितम्बर, का.** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा राज्यपोषित योजना अंतर्गत राज्यों के बहार कृषक प्रशिक्षण पांच दिवसीय सह भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले के तीस किसानों को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर से वाहन को हरी झण्डीय दिखाकर रवाना किया. किसानों द्वारा कृषि उद्यानिकी केन्द्र झालावाड में उद्यानिकी फसल, फूल, नेटहाउस में पौधे तैयार करने, सब्जी रिसर्च सेंटर बुंदी, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय, खाद्य प्रसंस्ककरण इकाईयों कोटा एवं भारतीय बीज मसाला अनुसंधान संस्थान अजमेर का भ्रमण कर मसाले दार फसले नए पौधे तैयार करना आदि के बारे में जानकारी लेंगे. कलेक्टर ने प्रशिक्षण लेने जा रहे जिले के किसानों से परिचय कर फसलों के बारे में जानकारी भी ली.

# एक फर्श पर बैठकर निकालेंगे 'भविष्य का रास्ता'

## फॉलोअप: छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी की तर्ज पर दोनों पक्ष आम नागरिक बनकर बैठे नए राजगढ़ का रास्ता बनाने






**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 02 सितम्बर. शहर के भविष्य की ओर जाने वाले रास्ते की अड़चन को दूर करने के लिए सभी वर्ग नवभारत के ध्यानाकर्षण के बाद एक हो रहे है. मामले को लेकर नगर के प्रबुद्धजनों ने आपस में चर्चा करनी शुरू कर दी है.**

जानकारी के अनुसार दरगाह कमेटी कुछ सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण रास्ते के निकाल को लेकर चर्चा की है. वहीं दूसरी ओर शाम को करीब 8 बजे दोनों पक्षों की ओर से सामाजिक प्रबुद्ध जन एक साथ एक फर्श पर बैठे और शहर के भविष्य रास्ते को लेकर चर्चा की. सभी चाहते हैं कि यह रास्ता सुचारू हो जिससे आने वाले समय में शहर प्रदेश में विकास के मामलें में अलग पहचान बना सके. सभी ने आशा व्यक्त की है कि शहर का पुराना हिस्सा इस नए भविष्य से जल्द सीधे तौर पर जुड़ जाएगा.

### दिन भर चला चर्चाओं का दौर, वक्फ बोर्ड के सामने रखेंगे मामला

इस महत्वपूर्ण मार्ग को लेकर नवभारत द्वारा ध्यानाकर्षण के बाद नागरिकों, संगठनों के पदाधिकारी और विभिन्न पक्ष के लोगों ने स्वागत किया है. सभी ने इस रास्ते को भविष्य के राजगढ़ तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण बताया है. नगर में दोनों पक्षों की ओर से सकारात्मक रूप से चर्चाएं शुरु हुई. दिन में जहां दरगाह कमेटी के सदस्यों ने बैठक की और मामले को भोपाल वक्फ बोर्ड के सामने रखने की बात कही है. वहीं दूसरी ओर शाम करीब 8 बजे दोनों पक्षों की ओर से चुनिंदा सदस्यों और प्रबुद्धजनों ने बैठक की. सभी ने आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में जल्द ही इस रास्ते का निकाल होगा और नागरिकों को यहां से भविष्य के शहर की ओर कदमताल करने को मिलेगा. इसके अतिरिक्त कई संस्थाओं के प्रतिनिधियों, सदस्यों ने नवभारत की इस मुहिम का स्वागत किया है और इसे जनहित में बड़ा कदम बताया है.

> जनहित में दरगाह कमेटी रास्ता देने को तैयार है. सभी समाज के वरिष्ठ जन को बैठकर विचार करने की जरूरत है. आज से इस कि शुरूवार हो गई है, जल्द से जल्द निर्णय होगा.
>
> **शफीक गामा, सदर दरगाह कमेटी राजगढ़**

> निश्चित रूप से यह नया विकसित हो रहा भू-भाग हमारे राजगढ़ का भविष्य है और भविष्य की ओर जाने वाले रास्ते को जल्द से जल्द सभी को मिलकर सुलभ करना चाहिए. यहां से हर वर्ग को लाभ होगा चाहे वह छात्र, कर्मचारी, व्यापारी वर्ग, महिला, बुजुर्ग हों.
>
> **हर्षांत इंग्ले, अध्यक्ष हिन्दू उत्सव समिति राजगढ़**

### भविष्य की सभी इमारतें इसी रास्ते पर मौजूद

इस नए रास्ते की अड़चने हटने से काफी सविधा और समय की बचत होगी. वहीं इस मार्ग से होकर नवीन मेडिकल कॉलेज, रेलवे स्टेशन, सीएमराईज स्कूल, छात्रावास, पॉलिटेक्रिक कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, छात्रावास सहित हैलीपेड जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर सुगमता के साथ पहुंचा जा सकेगा. वहीं दशहरा मैदान भी इसी दिशा में है. भविष्य में और भी शासकीय भवन इसी क्षेत्र में बनना है क्योंकि इस क्षेत्र में सर्वाधिक शासकीय भूमि है. भविष्य के राजगढ़ की नींव इसी स्थान पर मानी जाती है. इस भविष्य की ओर जाने के लिए यह रास्ता सबसे अच्छा साधन हो सकता है. यहां पहुंचने के लिए दो रास्ते जाते हैं. एक रास्ता मंगल भवन से नवीन सब्जी मंडी, परेड ग्राउण्ड, हेडगेवार कॉलोनी होते हुए दशहरा मैदान पहुंचता है, जबकि एक अन्य रास्ता नेशनल हाईवे से संकट मोचन बडली होत हुए जाना है. इनमें एक रास्ते की दूरी डेढ़-दो किमी है जबकि नेशनल हाईवे से जाने वाले रास्ते की दूरी करीब 4 किमी है.

## पॉश कॉलोनी में सेवानिवृत्त प्रोफेसर के मकान से चोरी

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 02 सितंबर.** सिविल अस्पताल के समीप नगर की पॉश कॉलोनियों में शुमार कर्मचारी कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त प्रोफेसर के सूने मकान से लाखों रुपये के आभूषण, नगदी चोरी होने की घटना हुई है. मंगलवार को एसपी द्वारा मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये. जानकारी के अनुसार कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. व्ही.के. जैन परिवार सहित इंदौर गये हुए थे. इसी बीच विगत रात्रि को अज्ञात बदमाश मेन गेट सहित अन्य जगह लगे ताले तोड़कर मकान में भीतर जा घुसे तथा वहां रखे करीब 2 लाख रुपये नगदी एवं लगभग 5 लाख रुपये कीमती सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये. जानकारी लगने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा मौका मुआयना किया. पॉश कॉलोनी के बीचों बीच हुई चोरी की घटना से हर कोई सन्न रह गया. घटना की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये.

## ग्रामीण प्रतिभाओं ने खेलों में अपना दम दिखाया

**नवभारत न्यूज**

**माचलपुर 02 सितम्बर. गोरिया खेड़ा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है.**

विद्यालय के शारीरिक प्रमुख रामेश्वर बैरागी व बौद्धिक प्रमुख मुकेश गुर्जर, व रामचरण राठौर, रीना सेन, धिरपसिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में कुशालसिंह राठौर ऊंची कूद में प्रथम, युवराज सेन चित्रकलां में प्रथम, वर्षा तोमर एकल अभिनय में प्रथम, वर्षा गुर्जर त्रिकूद प्रथम विजेता, प्रांत स्तर के लिए कुशाल सिंह राठौर 400 मी दौड़ में उपविजेता, दिव्या सेन 100 मी दौड़ व लम्बी कूद उपविजेता, संदीप कॉरपेंटर एकल गीत उपविजेता, भारत तोमर तबला वादन में उपविजेता रहे.

## आईपीपीबी ने 8वां स्थापना दिवस मनाया

**राजगढ़ 02 सितम्बर, का.** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने आज अपना 8वां स्थापना दिवस मनाया, जिसे आईपीपीबी दिवस के रूप में जाना जाता है. इस अवसर पर, बैंक ने अंतिम व्यक्ति तक समावेशी, सुलभ और किफायती सेवाएं प्रदान करके बैंकिंग परिदृश्य में एक और महत्वपूर्ण बदलाव लाया. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा आम जन हेतू सबसे अनूठे उत्पादों में से एक ग्रुप एक्सीडेंटल गार्ड (व्रत) पॉलिसी की क्लेम राशि वारिस को राजगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम में दी गई. बता दें, की माचलपुर निवासी स्वर्गीय सुल्तान सिंह, किसान थे, उनकी बाइक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. ग्राम के शाखा डाक पाल हरिओम गुजराती द्वारा, सुल्तान सिंह के जीवनकाल में 396/- वार्षिक की दुर्घटना बीमा पॉलिसी की गई थी. फलस्वरूप उनके नॉमिनी देवीलाल राठौर को कठोर वक्त में 10 लाख की राशी क्लेम स्वरूप डाक विभाग के बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक द्वारा दी गई. राजगढ़ शाखा प्रबंधक राजीव इंगले द्वारा देवीलाल राठौर को दी गई.

## राजगढ़ की बेटियों ने खेल में दिखाया दम

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 02 सितम्बर. मध्य प्रदेश की दो होनहार बेटियों ने हाल ही में आयोजित एक सीबीएससी क्लस्टर गेम्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने परिवार जिले और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है.**

स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल राजगढ़ की ऋचा सिंह मीना ने अंडर 17 कैटेगरी में 400 मीटर रेस में ऋचा सिंह मीना ने मात्र 69 सेकंड में गोल्ड मेडल हासिल कर जिले और स्कूल का नाम रोशन किया है.

**तुलसी मोगिया ने जीता सिल्वर**

इसी प्रतियोगिता में तुलसी मोगिया ने लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल हासिल कर अपने परिवार और जिले और स्कूल का नाम रोशन किया है। तुलसी के पिता दुलीचंद मोगिया ने अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है. इन दोनों बेटियों की इस उपलब्धि से राजगढ़ जिले को गर्व है और उम्मीद है कि वे आगे भी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जिले और देश का नाम रोशन करेंगी.

# वेतन, एरियर नहीं मिलने पर सुठालिया का सफाई अमला हड़ताल पर

## सबसे साफ नगर का खिताब हासिल करने वाले सुठालिया में हर जगह फैली गंदगी

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 02 सितम्बर.** नगर परिषद की खराब वित्तीय हालात के चलते समय पर वेतन नहीं मिलने व 11 माह से एरियर अटके होने के चलते मंगलवार को नगर परिषद के स्थाई अस्थाई सफाई कर्मचारियों ने अचानक हड़ताल कर दी. इसके चलते समूचे नगर की साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई वहीं नगर के मुख्य बाजार में सफाई कर्मियों द्वारा एक दिन पहले नालिया साफ़ की गई थी. नालियों गंदगी बेसी की वैसी सड़कों पर पड़ी रही वही सड़कों पर एक दिन पहले का कचरा भी जगह-जगह फैला देखा गया जैसे ही नागरिकों को सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का पता लगा तो वह अपने घरों के कचरे को कचरे गाड़ी में डालने की लिए उसका इंतजार करते रहें तो सफाई कर्मियों ने नगर परिषद के मुख्य गेट का ताला लगाकर कचरा वाहनों को भी नहीं चलने दिया.

सूत्रों की माने तो नगर परिषद में 78 कर्मचारियों में से 21 सफाई कर्मचारी स्थाई व विनीमितिकरण के हे बाकी अस्थाई कर्मचारी हैं सभी ने मिलकर उक्त हड़ताल की है. कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता है कभी माह की 20 तारीख या 25 तारीख को वेतन मिलता है वहीं प्रत्येक कर्मचारी का 16000 रुपए के लगभग 11 माह से एरिया अटका हुआ है इसी से नाराज होकर उन्होंने हड़ताल की है. हालांकि मंगलवार शाम समाचार लिखे जाने तक कर्मचारी हड़ताल से वापस नहीं लौटे थे.

**क्यों जरूरत पड़ी हड़ताल की-** हालांकि सुठालिया नगर में नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किए जाने का यह पहला मामला नहीं है इसके पूर्व भी नगर परिषद कर्मी समय पर काम बंद हड़ताल कर चुके हैं हड़ताल करने का कारण है कि नगर परिषद की खराब आर्थिक हालात और बेतरतीब तरीके से भर्ती किए गए कर्मचारियों का है नगर परिषद में 10 लाख रुपए चुंगी के आते हैं जबकि 28 लाख के ऊपर वेतन बंटता है नगर का परिषद में करीब पोने दोसो कर्मचारी कर हैं. इनमें से 78 कर्मचारी सफाई कर्मी है बाकी अन्य विभागों में कार्यरत हैं. नगर परिषद में बीते 3 साल में करीब 50 कर्मचारियों की भर्ती की गई है सूत्रों के माने तो कुछ कर्मचारियों को मोटी रकम लेकर भी भर्ती किया वहीं नगर परिषद द्वारा अनाप शनाप तरीके से सामग्री क्रय की जा रही है जिसमें भी सवाल कई बार सोशल मीडिया के माध्यम से उठ चुके हैं.

> *कर्मचारी एक दो तारीख को वेतन मांगते हे जबकि चुंगी राशि दस के बाद आती है. हमने कर्मचारियों से बात की हे जल्द काम पर लोटेंगे.*
>
> **रईस खान, सीएमओ नगर परिषद सुठालिया**

**कार्यवाही** कैदियों के लिए घटिया तेल, मसाले मंगवाना महंगा पड़ा

# पूर्व जेल अधीक्षक, स्टॉफ, सप्लायर को आरोपी बनाया

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 02 सितम्बर.** बीते 01 अक्टूबर 2023 को तात्कालिक जिला कलेक्टर द्वारा जिला जेल राजगढ़ का निरीक्षण किया गया था. निरीक्षण के दौरान जेल में परोसी जाने वाली खाद्य सामग्री जैसे मिर्ची पाउडर, सोयाबीन तेल एवं अन्य खाद्य पदार्थों के कुल सात नमूने परीक्षण हेतु लिए गए थे. प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में सोयाबीन तेल एवं मिर्ची पाउडर को असुरक्षित एवं अवमानक पाया गया. द्वितीय परीक्षण रिपोर्ट (सेकंड लैब रिपोर्ट) में भी उक्त निष्कर्ष प्रमाणित हुआ.

मामले में असुरक्षित मिर्ची पाउडर का विक्रय, भंडारण, प्रसंस्करण एवं जेल में परोसी जाने वाली खाद्य सामग्री में अवमानक सामग्री का उपयोग प्रमाणित पाया गया है. इसके संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26(2)(द्व), 31(1), 59(1) एवं 63 के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है.

### न्यायालय में प्रस्तुत मामला




आवश्यक विवेचना उपरांत शासन से अभियोजन स्वीकृति प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा सतत प्रयास कर दिनांक 02 सितंबर, 2025 को यह मामला माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं एडीएम न्यायालय जिला राजगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया. विभाग द्वारा समय-सीमा में विवेचना पूर्ण कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की गई है. इस प्रकरण में तात्कालिक प्रभारी जेल अधीक्षक एवं जेल क्रय समिति सदस्य एन.एस. राणा, प्रमुख प्रहरी एवं सचिव जेल समिति अमर सिंह सोलंकी, प्रहरी सदस्य धर्मेंद्र सिंह, साथ ही गोद राज ट्रेडर्स विंध्याचल इंदौर की श्रीमती राजुल बाई एवं सुनील को आरोपी बनाया गया है.


www.rntu.ac.in

RNTU Rabindranath TAGORE UNIVERSITY™ MADHYA PRADESH, BHOPAL

RECOGNIZED BY: UGC | ACCREDITED BY: AICTE | NCTE | ICAR | PCI | BCI | MP PARAMEDICAL COUNCIL | MP NURSING COUNCIL | MEMBER OF AIU

University Category Rank Band 151-200 nirf 2024 RECOGNISED FOR 6 YEARS IN A ROW

Google Cloud Certified Digital Campus Elite Tier — Certified Digital Campus on Google Cloud

EMPOWERING EXCELLENCE
FOR THE LAST 15 YEARS
OUR ALUMNI WALK THE TALK


UNLOCKING POTENTIAL


Vivek Sagar | Olympic Bronze Medalist | Vice-Captain In Indian Hockey Team


Wanderlooms Incubated at AIC-RNTU | ₹50 Lakh funding at Shark Tank India


Megha Parmar | 1st Woman (M.P.) on Mt. Everest


Sanskriti Gupta Mumbai Indians | Women's IPL T20, 2025


Karan Pariyar | Finalist, Dance Deewane (Colors TV)


Neha Pandit RNTU Alumna | Director at Deloitte

600+ Companies Visited
6500+ Students Placed
250+ Placement Drives

No. 1 MULTI DISCIPLINARY UNIVERSITY OF MADHYA PRADESH

ADMISSIONS OPEN 2025-26

- Engineering & Technology
- Management
- Education
- Law
- Science
- Commerce
- Dramatic Arts
- Medical Sciences
- Humanities & Liberal Arts
- Agriculture
- Tagore Institute of Rural Management (TIRM)
- B.Voc.
- M.Voc.

*Ph.D in selected subjects through separate entrance tests

21 COEs for Research and 95 patents | Trained 30+ Future Olympic Medal Winners | Incubated 140+ Future Unicorns at AIC-RNTU | Promoted Art & Culture in 50+ Countries at Vishwarang

Recruiters: accenture, Tech Mahindra, tcs, adani, L&T, ICICI Bank, DAIKIN, genpact, BOSCH, wipro, amazon, Jio, airtel, AISECT LEARN

0755-2700413, 9753012107
8770884536, 8770179841,
6264048758, 9319866685

Rabindranath Tagore University Campus: BHOPAL - Chiklod Road, Near Bangrasia Chouraha, Bhopal, M.P., Ph.: +91-7552700401, 2700447
City Office: 3rd Floor, Samath Complex, Opposite to Board Office, Link Road No. 1, Shivaji Nagar, Bhopal, Ph.: +91-755-4289606

Scan for more details